ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 226
मेरठ, रविवार, 16 जून 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार

नीट मामले पर पक्ष-विपक्ष में धामासान! .. 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

सुभारती में एनएसएस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन. 6

एक नजर..

बदरीनाथ हाईवे पर नदी में गिरा वाहन, 14 की मौत

रुद्रप्रयाग (एजेंसी)। उत्तराखंड में बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैतोली गांव के समीप शनिवार को एक टैंपो-ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिरने से उसमें सवार 14 पर्यटकों की मौत हो गयी तथा 12 अन्य घायल हो गए। गढ़वाल के पुलिस महानिरीक्षक केएस नगन्याल ने बताया कि हादसे का शिकार हुए पर्यटक चोपता घूमने जा रहे थे। गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के समय वाहन में 26 लोग सवार थे। मृतकों में वाहन चालक करन सिंह भी शामिल है। दुर्घटना का शिकार हुए लोग उत्तर प्रदेश के नोएडा, मथुरा, झांसी, उत्तराखंड के हल्द्वानी, दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश के रहने वाले थे।

पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सात लोगों को हेलीकाप्टर एंबुलेंस से एम्स, ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है, जबकि छह अन्य घायलों का इलाज रुद्रप्रयाग के जिला अस्पताल में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे को 'हृदयविदारक' बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। इसमें अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।' मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी को घटना की जांच के आदेश दिए हैं। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न करीब 11 बजे हुए हादसे की जानकारी मिलने के बाद पुलिस, राज्य आपदा मोचन बल ने मौके पर राहत कार्य शुरू किया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए के कार्यक्रम में बोले बरई

भाजपा के लिए आत्मचिंतन का समय न कि जीत का जश्न मनाने का: भरत बरई

शिकागो, (एजेंसी)। ठींतंज ठंतपरू भारत में हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणामों पर निराशा व्यक्त करते हुए एक प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी ने शनिवार को कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी (?ठश्रच) के कार्यकर्ताओं के लिए आत्मचिंतन का समय है न कि जीत का जश्न मनाने का।

'ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ भाजपा यूएसए' द्वारा आयोजित विजय समारोह के दौरान डॉ. भरत बरई (ठींतंज ठंतप) ने पार्टी के सदस्यों से कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने भारत में जो काम किया है उसके लिए उन्हें 400 सीट मिलनी चाहिए थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तो अब सवाल यह है कि क्या हमें आत्मचिंतन करने की कोशिश करनी चाहिए, यह देखने की कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा क्यों नहीं हुआ?

उन्होंने कहा, ''अगर हम सिर्फ जश्न मनाते रहेंगे तो अगली बार यह सुनने को मिलेगा कि महाराष्ट्र से भाजपा बाहर हो चुकी है। इसलिए, हमारे लिए यह आत्ममंथन करना बेहद जरूरी है कि 400 सीट मिलने के बजाय एनडीए को सिर्फ292 सीट ही क्यों मिलीं? और पिछले चुनावों में जब भाजपा पूर्ण बहुमत में थी तो इस बार 240 सीट ही क्यों मिलीं?

डॉ. बरई ने कहा, ''इसलिए हमें अब बधाई देने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए और इससे हमें यह रणनीति बनाने में मदद मिलेगी कि अगली बार हमें किस तरह के कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि भाजपा के संस्थापकों का विचार था कि यह ''भारत माता की सेवा करनेवाली पार्टी होगी और इसमें मित्रों तथा परिवार वालों को उच्च पदों पर नियुक्त करने, निगमों से धन अर्जित करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने जैसे काम नहीं होंगे।

डॉ. बरई ने कार्यक्रम में कहा, ''अगर भाजपा या कोई भी पार्टी ऐसा करती है तो वह भ्रष्ट और सांप्रदायिक कांग्रेस पार्टी से अलग नहीं है। दुर्भाग्य की बात है कि निचले स्तर पर भ्रष्टाचार अब भी जारी है। हालांकि, आप मोदी या उनके मंत्रियों को भ्रष्ट नहीं कह सकते, लेकिन आरोप हैं और मुझे नहीं पता कि उनमें सच्चाई है या नहीं।

उन्होंने कहा, ''इस बात पर जोर देना जरूरी है कि भाजपा एक अलग पार्टी है जिसके लिए सत्ता का मतलब लोगों की सेवा करना है। इस कार्यक्रम में शिकागो क्षेत्र और उसके आस-पास के भारतीय अमेरिकी ने भाग लिया।

गृह मंत्री शाह आज करेंगे जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा हालात, अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा हालात का रविवार को जायजा लेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह मंत्री 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा करेंगे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसी प्रकार की एक बैठक की थी जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान तेज करने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दे सकते हैं।

बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के शामिल होने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा बलों की तैनाती, घुसपैठ रोधी कवायद, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में अवगत कराए जाने की संभावना है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश के अनुरूप सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की जाने वाली तत्काल कार्रवाई के बारे में वह व्यापक दिशा-निर्देश देंगे। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए।

कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। यह घटना दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले हुई है।

जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शनिवार को मंडल आयुक्त तथा आईजी,जिलाधिकारी, एसएसपी द्वारा बेगमपुल से भैसाली बस अड्डा ,जली कोठी, रेलवे रोड , घंटाघर चौराहे तक पुलिस फोर्स के साथ फ्लैग मार्च किया गया। छाया: युरेशिया

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सरधना में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता: डीएम

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। तहसील सरधना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने प्राप्त शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 111 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, एमडीए व पुलिस से संबंधित प्रकरण तथा चकरोड व भूमि से अवैध कब्जा हटाने, भूमि की पैमाईश कराने इत्यादि प्रकरणों पर 111 शिकायतीध्प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 12 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गये। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता पर संज्ञान लेते हुए निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके शिकायती व प्रार्थना पत्रों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, एसडीएम सरधना पंकज प्रकाश राठौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व आमजन उपस्थित रहे।

अब युद्ध सिर्फ लड़ाई के मैदान तक सीमित नहीं: वायुसेना प्रमुख

हैदराबाद(एजेंसी)। वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने शनिवार को कहा कि आधुनिक युग का युद्ध सिर्फलड़ाई के मैदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जटिल डेटा नेटवर्क और नयी साइबर प्रौद्योगिकियों से प्रभावित होने वाला और निरंतर बदलने वाला एक परिदृश्य है। यहां डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में '213 ऑफिसर्स कोर्स' की संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) को संबोधित करते हुए चौधरी ने यह भी कहा कि भविष्य के युद्धों को अतीत की मानसिकता के साथ नहीं लड़ा जा सकता। उन्होंने कहा, 'आधुनिक युग का युद्ध गतिशील है और लगातार बदलने वाला परिदृश्य है।

यह अब केवल लड़ाई के मैदान तक सीमित नहीं है। यह जटिल डेटा नेटवर्क और उन्नत साइबर प्रौद्योगिकियों से तेजी से प्रभावित हो रहा है। अधिकारी के रूप में आप सभी को युद्ध जीतने में निर्णायक साबित होने के लिए प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से अपनाने, नवाचार करने और उसका लाभ उठाने की आवश्यकता है।' उन्होंने कहा कि किसी अधिकारी में दक्षता, आक्रामकता और पहल करने जैसे तीन सबसे प्रशंसनीय गुण होते हैं और साथ ही ऐसे अधिकारियों की भी जरूरत है जो विचारक भी हों।

मालीवाल मारपीट मामला बिभव की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ी

नयी दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत 22 जून तक बढ़ा दी। बिभव पर 13 मई को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ड्यूटी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी और दिल्ली पुलिस को उन्हें 22 जून को पेश करने का निर्देश दिया।

इशारों में कह दी पूरी बात, किस वजह से मिली सपा प्रत्याशी को मात

सपा जिला कार्यालय पर हुई लोकसभा चुनाव की समीक्षा बैठक में वक्ताओं ने रखी बात संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की सपा प्रत्याशी पूर्व महापौर सुनीता वर्मा के चुनाव हार जाने के बाद शनिवार को सपा जिला कर चुनाव में मिली हार को लेकर सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मौजूद सपा के विधानसभा अध्यक्षों के अलावा अन्य पदाधिकारियों एवं बूथ स्तर पर चुनाव जीतने के लिए ताकत झोंकने वाले सपा कार्यकर्ताओं के अलावा विशेष रूप से सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी और महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने कार्यकर्ताओं के बीच अपने विचार रखें। इससे पहले सपा के पुराने कार्यकर्ता ष्सोनीष् के देहांत पर दुख जाहिर करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्षों अपनी बात रखते हुए चुनाव में मिली हार पर अपने-अपने तर्क रखे जिसमें कई कार्यकर्ताओं ने सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा की हार की मुख्य वजह उनके पति पूर्व विधायक योगेश वर्मा को बताया तो कुछ कार्यकर्ताओं ने आपसी तालमेल न होना व सपा प्रत्याशी की जीत के लिए की गई की गई भरपूर मेहनत और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को

तवज्जो न देकर उनके द्वारा की गई मेहनत के बावजूद चुनाव हारने पर दुख जाहिर करते हुए कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 37 सीटे जीत कर जो बेहतर प्रदर्शन किया है उससे समाजवादी पार्टी एक बड़ा राजनीति दल बनकर आई है। लेकिन मेरठ-हापुड़ लोकसभा चुनाव में सपा चुनाव जीतकर जो इतिहास रचने जा रही थी। वह इतिहास रचने का कार्य काफी कम अंतराल से मिली हार के कारण अधूरा रह गया। वहीं कुछ पदाधिकारी ने कैंट विधानसभा में सपा के कमजोर होने को हर का कारण बताया। इस दौरान सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी के कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर उन्हें बुके देकर बधाइयां भी दी। समीक्षा बैठक के दौरान संबोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि मेरठ के लोकसभा चुनाव में पार्टी के हर एक कार्यकर्ता ने पूरी मेहनत की है इसी का परिणाम है कि इस बार के चुनाव में सपा प्रत्याशी श्रीमती सुनीता वर्मा बहुत कम अंतराल से यह चुनाव हारी हैं। उन्होंने बिना नाम लिए तंज कसा कि जो खुद अपनी गलती से चुनाव हारे हैं। वही लखनऊ जाकर चुनाव हारने का ठीकरा दूसरों के सरो पर फोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष होन के साथ साथ पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं, विपिन चौधरी ने कहा कि पार्टी के हर एक कार्यकर्ता ने इस चुनाव को जीतने के लिए जी तोड़ मेहनत की है। फिर भी अगर हमारे ऊपर इस तरह के इल्जाम लगाए जा रहे हैं तो मैं सार्वजनिक रूप से इस चुनाव में मिली हार की जिम्मेदारी लेते हुए माफी मांगता हूं। ताकि उन बड़े नेताओं को इस बेवजह के विवाद को खत्म करने की सुध आ जाये जिन्हें हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मेरठ की सामान्य सीट पर टिकट देकर सम्मानित करने का कार्य किया है। ताकि वह इन सब बातों को भूल आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। वहीं कुछ सपा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि ऐसे प्रत्याशी पार्टी से टिकट मिलने के बाद चुनाव के दौरान ही हम सब के बीच नजर आते हैं, उन्होंने यह भी कहा कि सपा प्रत्याशी को टिकट मिलने के बाद सबसे पहले पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बैठक कर सबके सुझाव से चुनावी रणनीति बनानी थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी ने कहा कि हम चुनाव हारे नहीं है बल्कि जिला प्रशासन ने हमें यह चुनाव हराया है। उन्होंने कहा कि करीब 11 या 12 पोलिंग बूथों की गिनती ही सही से नहीं हो पाई तो हम इस बात को नहीं मानते कि भाजपा ने हमें हराया है। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल जो होना था हो गया अब सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाए क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में सपा को मिली बड़ी बढ़त इस बात का संकेत है कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी है। उत्तर प्रदेश में अगली बार सपा की पूर्ण बहुमत की सरकार होगी इस बात का एहसास हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में सपा को मिली सीटों ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे पर आरोप लगाना सही बात नहीं है, मेरठ के लोकसभा चुनाव में हार किस वजह से हुई है यह बात किसी से छुपी हुई नहीं है, लेकिन ऐसे मुद्दों पर चर्चा कर कार्यकर्ता अपना समय व्यर्थ ना करें बल्कि उसकी जगह आगामी चुनावों की तैयारी में जुट जायें। इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी, राष्ट्रीय सचिव ठाकुर अंकित पंवार, जितेंद्र गुर्जर, चांद कुरैशी, आस मोहम्मद, निरंजन सिंह, ओम प्रकाश महामना, रुकैया खान, आमिल खान, मृदुल यादव, सहित मेरठ सपा जिला व महानगर संगठन से महिला व पुरुष पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक नजर..

यूपी के स्कूलों में बढ़ी गर्मियों की छुट्टियां, 28 से बच्चे और 25 जून से टीचर्स को जाना होगा स्कूल

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा। बेसिक स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं। अब कक्षा एक से आठवीं तक के स्कूल 28 जून को खुलेंगे। पहले विद्यालय 16 जून से खुलने वाले थे। मगर, प्रचंड गर्मी को देखते हुए शासन ने छुट्टियां बढ़ाने का फैसला किया है। बेसिक शिक्षा निदेशक ने इस आशय का निर्देश शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी किया है।

परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से ग्रीष्मावकाश चल रहा है। स्कूल 15 जून तक बंद हैं। मगर, प्रचंड गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टी बढ़ाने की मांग की थी। इसके बाद बेसिक शिक्षा निदेशालय ने मौसम विभाग से मौसम के पूर्वानुमान का डाटा मांगकर आकलन किया।

इसके बाद शुक्रवार को बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने छुट्टियां बढ़ाने का निर्देश जारी कर दिया। निर्देश के मुताबिक अध्यापकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के लिए 24 जून तक अवकाश बढ़ाया गया है। 25 जून से शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारी, अनुदेशक और शिक्षामित्र विद्यालय में उपस्थित रहकर प्रशासकीय कार्य करेंगे। 28 जून से छात्र-छात्राओं के लिए विद्यालय खुलेंगे।

ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाए जाने का निर्णय उचित पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अतुल सारस्वत, प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेंद्र सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा ,जिला महामंत्री ठा. लक्ष्मी नारायण, अरविंद शर्मा ,सुजीत वर्मा ,गौरव यादव,पूर्व एबीआरसी नौहझील अजीत कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाए जाने का निर्णय उचित है।

गर्मी का भयंकर प्रकोप अभी चरम सीमा पर है। अभी गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है। मौसम विभाग निरंतर लू और भयंकर गर्मी रहने का संदेश प्रचारित कर रहा है। ऐसी स्थिति में कक्षा आठ तक के बच्चों का विद्यालय में दोपहर एक बजे तक रोका जाना उचित नहीं था।

थाना राया पर तैनात दरोगा राजेश यादव ने मिली भगत कर झूठे मुकदमे में फंसने की दी धमकी

विकास गौतम/युरेशिया

राया ।राया थाना क्षेत्र के गांव नगला थाना के प्रदीप रावत ने बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की उसने अपने शिकायती पत्र में कहा कि वर्ष 2023 में गांव के गजेंद्र पुत्र करन विगत 4 दिसंबर 2023 को जबरन उसके भाई की पत्नी को अपने साथ ले गया और उनके साथ गलत काम किया जिसकी रिपोर्ट पीड़ित के पति रामलाल में थाना राया में दर्ज कराया था राया पुलिस ने जांच में गजेंद्र को दोषी पाया और जेल भेज दिया गया था तभी से गजेंद्र व उसके परिजन राजीनामा का दवाव बनाने लगे इसी बीच गजेंद्र जमानत पर रिहा होकर आ गया उसने भी राजीनामा का दबाब बनाया राजीनामा न करने पर गजेंद्र ने अपनी भाभी गोरा देवी पत्नी धर्मवीर द्वारा कूटरचित रणनीति के तहत इंस्पेक्टर राया सहित पुकिसकर्मियो के खिलाफन्यायालय में 156ध3 के तहत दावा दायर किया है। जो कोर्ट में विचाराधीन है ।प्रदीप रावत ने थाना राया पर तैनात दरोगा राजेश यादव पर मिलीभगत कर झूठी कहानी बना फर्जी मुकद्दमे में फंसाने के आरोप लगाते हुए बताया उक्त दरोगा रुपयों की मांग करता है। तथा फॉर्म 41 पर दस्तखत करने का दबाब बना रहा है। दस्ताबेजो पर दस्तखत न करने पर जेल भेजने की धमकी देता है ।और झूठे मुकदमा लगाने धमकी देता है दरोगा जी हर रोज शराब पीकर धुत रहते है पीड़ित प्रदीप रावत ने बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से दबंग लोगो एवं इनके इस कुकृत्य में शामिल दरोगा की जांच करा कार्यवाही कराने एवम अपनी व परिवार की जान माल की सुरक्षा की मांग की है।

15 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जवाहर बाग मथुरा में संपन्न हुआ

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा ।15 जून आज दिनांक 15 जून 2024 को दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून 2024 तथा योग सप्ताह दिनांक 15 से 21 जून 2024 का शुभारंभ जवाहर बाग मथुरा में सम्पन्न हुआ। योग दिवस 21 जून 2024 के अंतर्गत योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ जनपद के मुख्यालय जवाहर बाग सिविल लाइन्स मथुरा में माननीय गण मान्य की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। उद्घाटन समारोह में माननीय विधायक मथुरा श्री श्रीकांत शर्मा जी, माननीय विधायक बलदेव श्री पूरन प्रकाश जी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ गोपाल सिंह, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर अजीत सिंह, राज कुमार भास्कर, नरेंद्र यादव, प्रीति जैन, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी, लोक निर्माण विभाग के एक्सचीयन अजय कुमार, डीसी एन.आर.एल.एम दुष्यंत कुमार, डीसी मनरेगा विजय पांडेय, सीवीओ विपिन गर्ग आदि उपस्थित रहे। जवाहर बाग में लगभग 800 की संख्या में योगाभ्यास किया गया स उदघाटन समारोह के सफ्ल आयोजन में जिला प्रशासन का मार्गदर्शन एवं आयोजक - आयुष विभाग के क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डा0 गोपाल सिंह, चिकित्साधिकारी

डॉ अविनाश तिवारी, डॉ प्रतिज्ञा एवं अन्य का विशेष सहयोग रहा तथा मंच संचालन डा0 नेहा कुमारी द्वारा किया गया।

योगाभ्यास शन्नो शुक्ला एवं वीरेंद्र के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में माननीय अतिथि गण द्वारा ष्योगष् को जीवन शैली में अपनाने हेतु जन मानस को प्रोत्साहित किया गया।

कल दिनांक 16ध06ध2024 को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय (जैन संघ कंपाउंड, मधुवन होटल के पास, कृष्णा नगर, मथुरा) पर ष्रक्तदान शिविरष् का आयोजन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा।

पोस्टर
पैम्पलेट
फ्लैक्स बैनर
फ्लैक्स बोर्ड
स्टेशनरी
पुस्तकें
सुन्दर एवं कलात्मक मुद्रण
युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस
रंगीन व ब्लैक एण्ड व्हाइट छपाई का एकमात्र स्थान
9410231400
7533833844
7533833855
0121- 4324497
Email: ureshiyapress@gmail.com
सूरजकुण्ड रोड (बाबा मनोहर नाथ मंदिर के सामने) मेरठ

सुभारती में एनएसएस ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। विश्व रक्तदाता दिवस के क्रम में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुभारती अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित इस शिविर में दो दर्जन से भी अधिक स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। इसमें विश्वविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों के स्वयंसेवक शामिल रहे। एनएसएस की इकाई एक के नेतृत्व में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 31 यूनिट ब्लड दान किया गया।

रक्तदान शिविर में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफे. (डॉ.) सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कुछ भी नहीं है। हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद की जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यदि छात्र-छात्राएं स्वस्थ हैं तो उन्हें इस आदर्श कार्य के लिए सहर्ष आगे आना चाहिए क्योंकि आपके एक बूंद रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

इस अवसर पर ब्लड बैंक के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेन्द्र स्वरूप ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस का यह कार्य सराहनीय है। इससे अन्य लोगों को भी रक्तदान की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि लोग समुचित मात्रा में अभी भी रक्तदान के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील करते हुए कहा कि एनएसएस जन जागरूकता के लिए आगे आए। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक राम प्रकाश तिवारी ने बताया कि एनएसएस के इस शिविर में लगभग 50 इच्छुक रक्तदाता आगे आए थे जिनमें से केवल 31 लोगों का ही स्वास्थ्य परीक्षण के बाद रक्त लिया गया। अन्य लोग किन्हीं स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान के लिए फिट नहीं पाए गए। एनएसएस के इस रक्तदान शिविर के लिए विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, कुलपति मेज. जनरल (डॉ.) जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफे. (डॉ.) शल्या राज, प्रो वीसी डॉ. हिमांशु ऐरन आदि ने अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर सुभाष चंद्र थलेड़ी, कार्यक्रम अधिकारी शिवानी भदौरिया,राम प्रकाश तिवारी समेत टीना सोम, नितेश तिवारी, सुमन कुमार, काजल,आफिया मेहदी, रोहित यादव, अना, हर्षिता पाण्डेय, दिव्या कुमारी, वेदांश, कर्तव्य नमन, मोना बंसल, नितिश भारद्वाज, डॉ. दिविशा त्यागी, आदर्श यादव, अंशुल, दीक्षा कौशिक, अवंतिका सिंह, उज्ज्वल, हर्ष तोमर, डॉ. धीरेश, डॉ. अभय कुमार, अरमान, विजय मलिक, रविकांत शर्मा, ममता, सुदेश व उपासना आदि ने रक्तदान किया।

जिला मथुरा के सभी ब्लॉक में सुरक्षा जवान और सुरक्षा सुपरवाइजर के लगाए जा रहे है भर्ती शिविर

आगामी शिविरों की तिथियों में लोग आवेदन कर सकते हैं

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा। ?जिले के समस्त ब्लॉक लेवल पर 'एस0आई0एस0 सिक्युरिटी इण्डिया लिमिटेड न्यू दिल्ली के द्वारा सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र मे अपना भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर है। उक्त जानकारी भर्ती अधिकारी पी एन मलिक ने देते हुए बताया कि भर्ती हेतु सुरक्षा जवान की शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट, लम्बाई-167.5 सेमी0 और सुरक्षा सुपरवाइजर की लम्बाई-170 सेमी0 व उम्र- 19 से 40 वर्ष एवं वजन- 56 से 90 किग्रा होना चाहिए। उन्होंने बताया है कि नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधायें यथा- पीएफ, ई0एस0आई0, ग्रेच्युटी, पेंशन, मेडिकल इंश्योरेंस, बोनस और 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी मिलेगी। प्रशिक्षण के उपरांत ,लाल किला दिल्ली, एम्स हॉस्पिटल दिल्ली, बांके बिहारी मंदिर वृंदावन मथुरा, अक्षय पात्र मथुरा, आईआईटी कानपुर, मेट्रो कानपुर, हैलट हॉस्पिटल कानपुर, सासनी हाथरस , अलीगढ़ ,आरएमएल हॉस्पिटल दिल्ली, जेवर एयरपोर्ट नोएडा, सफ्दरजंग हॉस्पिटल दिल्ली, एलआईसी ऑफिस दिल्ली, कुतुब मीनार दिल्ली, मेरठ इंडस्ट्रीज एरिया, यमुना एक्सप्रेस आगरा टोल टैक्स, ताजमहल, लाल किला आगरा, फतेहपुर सीकरी दरगाह आगरा, धार्मिक स्थल, अस्पताल, बैंक, एयरपोर्ट, मैट्रो, होटल एवं निजी इंडस्ट्रीज में ड्यूटी दी जायेगी, शिक्षित बेरोजगार अपने मूल दस्तावेज दिनांक (17/06/2024) को चौमुहा ब्लॉक परिसर , दिनांक - (18/06/2024) / (19/06/2024) को नंदगांव ब्लॉक परिसर ,दिनांक - (20/06/2024) /(21/06/2024) को गोवर्धन ब्लॉक परिसर , दिनांक - (24/06/2024) / (25/06/2024) को फरह ब्लॉक परिसर , दिनांक - (27/06/2024) / (28/06/2024) को बलदेव ब्लॉक परिसर ,दिनांक - (01/072024) / (02/07/2024) को राया ब्लॉक परिसर , दिनांक - (03/07/2024) / (04/07/2024) को मांट ब्लॉक परिसर , दिनांक - (05/07/2024) को नौहझील ब्लॉक परिसर ,दिनांक - (08/07/2024) / (09/07/2024) को मथुरा ब्लॉक परिसर में आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया है कि अभ्यर्थी मथुरा जिले ध्या अन्य जिले का भी हो किसी भी ब्लॉक में भर्ती में शामिल हो सकते हैं।अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए - 8295891474, 7838282197, 7206582161 नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

नगर पंचायत उप निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना

निर्धारित तिथियों में संपन्न कराया जाये नगर पंचायत उप निर्वाचन-जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0)

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) मेरठ दीपक मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की अधिसूचना सं0-129ध्ा0नि0आ0-4ध्न0नि0ध्06-24ध्2024 दिनांक 14 जून 2024 के अनुपालन में मैं जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) मेरठ दीपक मीणा एतद्द्वारा जिला मेरठ के नगर पंचायत हर्रा के वार्ड सं0-01 (बाल्मिकी बस्ती) के रिक्त सदस्य पद (यदि मा0 न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो) पर उप निर्वाचन निम्नांकित विर्निदिष्ट समय सारिणी के अनुसार संपन्न कराये जाने का निर्देश देता हूँ। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति का अंतिम दिनांक व समय 22 जून 2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा का दिनांक व समय 24 जून 2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक), अभ्यर्थन वापसी का दिनांक व समय 26 जून 2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 03.00 बजे तक), प्रतीक आवंटन का दिनांक व समय 27 जून 2024 (पूर्वान्ह 11.00 बजे से कार्य समाप्ति तक), मतदान का दिनांक व समय 08 जुलाई 2024 (प्रातः 07.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक), मतगणना का दिनांक व समय 10 जुलाई 2024 (प्रातः 08.00 बजे से कार्य समाप्ति तक) है। उपर्युक्त निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी संबंधित क्षेत्र के निर्वाचन की सार्वजनिक सूचना दिनांक 18 जून 2024 को जारी करेंगे। उक्त सार्वजनिक सूचना की एक प्रतिलिपि जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) मेरठ को उसी दिन भेजेंगे। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सूचना निर्गत करने के दिनांक 18 जून 2024 से नामांकन पत्रों का विक्रय किया जायेगा।

रिटर्निंग अधिकारीध्सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपर्युक्त कार्यक्रम का अपने से संबंधित नगरीय निकाय के क्षेत्र में व्यापक प्रचार करायेंगे तथा उसकी प्रतियां संबंधित कार्यालयों तथा नगरीय निकाय के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करेंगे। उक्त उप निर्वाचन उ0प्र0 नगर पालिका (सदस्यो, पार्षदो, अध्यक्षों एवं महापौरों का निर्वाचन) नियमावली-2020 के प्रावधानों के अनुसार संपन्न होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने, नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा, अभ्यर्थन वापस लेने, प्रतीक का आवंटन एवं मतगणना की कार्यवाही संबंधित रिटर्निंग अधिकारियोध्सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा नगरीय निकायों की संबंधित तहसील मुख्यालय सरधना पर संपन्न कराया जायेगा। उपयुर्क्त समय सारिणी के मध्य पडने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे एवं निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि रिक्त पद का विवरण इस प्रकार है- निकाय का नाम-नगर पंचायत हर्रा, वार्ड सं0-01, पद का नाम-सदस्य तथा आरक्षण की स्थिति अनारक्षित है।

एनएसई ने एसएसई पर आयोजित किया अपना दूसरा बड़ा कार्यक्रम

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने आज भारत मंडपम नई दिल्ली में सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर अपना दूसरा बड़ा कार्यक्रम सफ्लतापूर्वक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सेबी और एनएसई प्रतिनिधियों, सामाजिक उद्यमों, प्रभावशाली निवेशकों और विभिन्न गैर-लाभकारी संगठनों सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। गणमान्य लोगों में तरुण कपूर (प्रधान मंत्री के सलाहकार), डॉ. आर बालासुब्रमण्यम (सलाहकार समिति के अध्यक्ष, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), कमलेश चंद्र वार्ष्णेय (पूर्णकालिक सदस्य, सेबी), वेद मणि तिवारी (सीईओ, एनएसडीसी), अजय यादव (आईएएस, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार), लीना कुमार (वित्त मंत्रालय, भारत सरकार) और श्रीराम कृष्णन (चीफबिजनेस डवलपमेंट ऑफिसर) ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने वित्तीय वर्ष 2019 के अपने बजट भाषण के दौरान सोशल स्टॉक एक्सचेंज की अवधारणा को पेश करते हुए भारत के वित्त मंत्री द्वारा बताए गए विजन का उल्लेख किया। उन्होंने आगे बताया कि सेबी के मार्गदर्शन में एनएसई ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। हमारा मुख्य लक्ष्य हितधारकों को शिक्षित करना और उनसे जुड़ना, इस प्लेटफॉर्म के लिए अधिक सहयोग जुटाना और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचना है। बेंगलूरु में हमारे पहले आयोजन की सफ्लता के बाद हम आज यहां अपने दूसरे आयोजन की मेजबानी करने के लिए उत्साहित हैं। यह सेमिनार हमारे सभी हितधारकों, विशेष रूप से एनपीओ के लिए बहुत आशाजनक हैं। यह उनके काम को प्रदर्शित करने, संभावित दाताओं और प्रभावशाली निवेशकों से जुड़ने और अपने सामाजिक

प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सुझाव हासिल करने के लिए एक मंच देता है। एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज की सफ्लता सुनिश्चित करने में सक्रिय रहा है। ई-आईपीओ, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और स्पेशल पिच सैशन जैसी पहलों का उद्देश्य एनपीओ को सशक्त बनाना और उनके धन उगाहने के प्रयासों को सुविधाजनक बनाना है। सेबी द्वारा निर्देशित एसएसई ढांचा धन उगाहने, पारदर्शिता और प्रभाव माप के लिए एक संरचित तंत्र प्रदान करता है, जिससे सामाजिक क्षेत्र में विश्वास और दक्षता बढ़ती है ।सेबी के सोशल स्टॉक एक्सचेंज की सलाहकार समिति के अध्यक्ष चीफ गेस्ट डॉ. आर. बालासुब्रमण्यम के विशेष संबोधन से सेमिनार की शुरुआत हुई, जिन्होंने समावेशी विकास और वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में एसएसई की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए दिन की चर्चाओं की शुरुआत की। इसके साथ ही सेबी के पूर्णकालिक सदस्य, मुख्य अतिथि श्री कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने उद्घाटन भाषण दिया, जिन्होंने एसएसई के विकास को आगे बढ़ाने वाले नियामकीय समर्थन और विजन पर जोर दिया।

'सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई): सामाजिक उद्यमों को सशक्त बनाना और सामाजिक प्रभाव के लिए साझेदारी को मजबूत करना', 'सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देनाः सोशल स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से परिणाम-आधारित परोपकार का लाभ उठाना' और 'प्रभाव को आंकनारू सामाजिक निवेश के पैमाने और मूल्यांकन' जैसे विषयों पर केंद्रित पैनल चर्चाओं ने हितधारकों के बीच संवाद और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने दृष्टिकोण, सर्वोत्तम तरीकों और सफ्लता की कहानियां साझा कीं तथा उपस्थित लोगों को समाज की भलाई के लिए एसएसई की शक्ति का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। अपनी स्थापना के बाद से भारत में सोशल स्टॉक एक्सचेंज ने 65 एनपीओ पंजीकरण और एनएसई-एसएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध 8 एनपीओ के साथ उत्साहजनक प्रगति देखी है। इन आठ सूचीबद्ध एनपीओ ने सफ्लतापूर्वक 11 करोड़ रुपए से अधिक का फंड जुटाया है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम से भारत में सामाजिक वित्त और प्रभाव निवेश के लिए एक मजबूत ईकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा है। एनएसई निरंतर नवाचार और सहयोगी प्रयासों के माध्यम से एनपीओ और सामाजिक उद्यमों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) के साथ सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देनेश्के विषय पर सेमिनार फाइनेंशियल सिस्टम के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हितधारकों के सामूहिक संकल्प और समर्पण का प्रमाण है। एनएसई इस गति को बनाए रखने और अधिक न्यायसंगत और स्थाई भविष्य की ओर यात्रा के लिए तत्पर हैं।

17 जून को होगा श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति 84 कोस यात्रा का शुभारंभ

विकास गौतम/ युरेशिया

मथुरा ।श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा 17 जून को श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति 84 कोस यात्रा का शुभारंभ यमुना पूजन के साथ होगा इस आशय की घोषणा शनिवार को आयोजित कार्यालय पर बैठक में की गई। श्री कृष्ण जन्मभूमि हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने बताया कि यह यात्रा हरि नाम कीर्तन के ब्रजमंडल में पौराणिक तीर्थ स्थलों से होकर गुजरेगी यात्रा के दौरान सभी भक्त कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए संकल्पित होंगे। यात्रा लगभग हर तीर्थ पर पहुंचेगी यहां ब्रज के प्रमुख संत यात्रा की अगवानी कर अपना आशीर्वचन देंगे। कार्यक्रम संयोजक राजेश पाठक राष्ट्रीय महामंत्री अश्वनी शर्मा महानगर अध्यक्ष ठाकुर नरेश सिंह ने बताया कि यात्रा 17 को यमुना पूजन कर नियम धारण करेंगी प्रथम मुकाम स्थल मधुबन को प्रस्थान करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पं0 जयराम शर्मा, राजेश शास्त्री, राहुल गौतम, महेश बघेल, गिरधारी गोला, रमन ठाकुर, संजय शर्मा, जमुना शर्मा, भवानी शंकर कटारिया आदि उपस्थित थे।

20 जून तक नौचंदी मेले की ई-निविदा पुनः की गई आमंत्रित

अगले सप्ताह के अंत तक प्रारंभ हो जायेगा नौचंदी मेला-अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत भारती धामा ने बताया कि प्रांतीयकृत मेला नौचंदी-2024 में कराये जाने वाले कार्यों की निविदा आमंत्रित कर ठेकेदार को कार्य आदेश निर्गत किये जा चुके हैं। अधिकांश कार्य प्रगति में है और कुछ पूर्ण हो चुके हैं। मेले के झूले, सर्कस, होर्डिंग्स एवं लाउडस्पीकर आदि की दिनांक 20.06.2024 तक पुनः ई-निविदा आमंत्रित की गई है। तहबाजारी एवं साईकिल स्टैंडों की ई-निविदा दिनांक 17.06.2024 तक आमंत्रित की गई है। पटेल मंडप में कराये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकांशतः तय कर लिये गये हैं। शेष एक-दो दिवस में तय कर लिये जायेंगे। मेला आगामी सप्ताह के अंत तक प्रारंभ हो जायेगा।

मुस्लिम बनकर पुलिस से मदद मांगने पहुंची हिंदू युवती

लवमैरिज करने पर समाज और घरवाले हैं नाराज

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। गैर बिरादरी के युवक से लवमैरिज करने पर युवती को ऑनर किलिंग का डर सता रहा है। समाज और घरवालों का खौफइतना ज्यादा है कि लड़की किसी तरह छिपते-छिपाते पुलिस के पास मदद मांगने पहुंची। खुद को छिपाने के लिए उसने बुर्के का सहारा लिया। हिंदू युवती अपनी नन्द के साथ बुर्का पहनकर पुलिस के पास गुहार लगाने पहुंची। विवाहिता ने पुलिस दफ्तर पर कहा कि उसे घरवालों, समाज से जान का खतरा है। उसकी मदद की जाए। बता दें मवाना के जय सिंहपुर गांव की रहने वाली आशु पुत्री चिताराम अपनी नन्द सुनीता के साथ शनिवार को एसएसपी के पास पहुंची।

आशु ने बताया कि वो बालिग है। उसने अपने मर्जी से अनुराग नागर से लवमैरिज की है। अनुराग पुत्र ओमकार ऐचीकला परीक्षितगढ़ का रहने वाला है। दोनों लोगों ने पहले 2 जून को शिवमंदिर कंकरखेड़ा में वैदिक रीति से शादी की है। इसके बाद 12 जून को रजिस्ट्रार चतुर्थ के यहां कोर्ट मैरिज कर ली है।

जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बुजुर्ग मरीज को जड़े थप्पड़

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। प्यारेलाल शर्मा जिला अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे एक बुजुर्ग की डॉक्टर ने जमकर पिटाई कर दी। क्योंकि बुजुर्ग बीमारी के चलते खड़ा नहीं हो सकता था और डॉक्टर से बार-बार जल्दी देखने की गुहार लगा रहा था। इसी के चलते डॉक्टर आग बबूला हो गया और बुजुर्ग को ताबड़तोड़ थप्पड़ जड़ दिए। घटना के बाद बीमार बुजुर्ग ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ देहली गेट में तहरीर देकर डॉक्टर के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है। दरअसल थाना ? देहली गेट थाना क्षेत्र स्थित खैरनगर का रहने वाला 75 वर्षीय सगीर काफी समय से बीमार चल रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सगीर की हालत ज्यादा खराब थी, इसी के चलते वह जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दवा लेने के लिए पहुंचा हालत ज्यादा खराब होने के चलते बुजुर्ग से खड़ा नहीं हुआ जा रहा था। जिसके चलते बुजुर्ग ने इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर हरशील सिंह से जल्द दवा देने की बात कही इसी के चलते डॉक्टर आग बबूला हो गया और बुजुर्ग को ताबड़तोड़ थप्पड़ जड़ दिए। पिटाई के दौरान बुजुर्ग इमरजेंसी में गिर गया।

ज्यादा बीमार होने के कारण खड़े होने की हालत में नहीं था बुजुर्ग जल्दी देखने की बात कहने पर भड़के डॉक्टर ने करी मारपीट इमरजेंसी में ही गिर गया बुजुर्ग मरीज

और रोते हुए अपने परिवार वालों को मामले की जानकारी दी सूचना पाकर बुजुर्ग के परिवार वाले जिला अस्पताल पहुंचे और बुजुर्ग से मामले की जानकारी लेने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई ।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल के बाद बुजुर्ग से तहरीर देने को कहा। जिसके बाद बुजुर्ग ने थाने पहुंचकर आरोपी डॉक्टर और इमरजेंसी के स्टाफके खिलाफतहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं इस मामले में देहली गेट थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)

संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए दो किशोर

एक किशोर के पिता ने गांव के ही युवक पर लगाया गायब करने का आरोप
एसपी से बच्चों को बरामद करने व आरोपित पर कार्रवाई की मांग

युरेशिया सवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव लिलौन से दो किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। एक किशोर के पिता ने गांव के ही एक युवक पर उसके पुत्र व उसके साथी को गायब करने का आरोप लगाते हुए एसपी से बच्चों को बरामद करने व आरोपी के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी अनीस ने एसपी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसका 15 वर्षीय पुत्र समीर व उसके पडौसी इंत्याज का 13 वर्षीय पुत्र अर्श 12 जून की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। उसने व इंत्याज ने दोनों बच्चों की काफी तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग पाया। इसी दौरान उसे पता चला कि गांव का ही एक युवक दोनों बच्चों को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब उसने उक्त युवक से बच्चों के बारे में पूछताछ की तो युवक ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए अभद्रता की। अनीस ने एसपी से आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों बच्चों को सकुशल बरामद किए जाने की मांग की है।

25 केवी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाए जाने की मांग

वार्ड 16 के सभासद ने अधीक्षण अभियंता को सौंपा प्रार्थना पत्र

युरेशिया संवाददाता

शामली। वार्ड 16 के सभासद अनिल कुमार उपाध्याय ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता से मौहल्ला दयानंदनगर स्थित रतीराम विहार में ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाने की मांग की ताकि नए भवन स्वामियों को विद्युत कनेक्शन लेने में परेशानियों का सामना न करना पडे।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका वार्ड 16 के सभासद अनिल कुमार उपाध्याय ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि मौहल्ला दयानंदनगर प्रथम वार्ड 16 के रतीराम विहार में बने लगभग 50 नए भवन स्वामियों को बिजली आपूर्ति हेतु नए कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए उक्त स्थान पर रखे गए 25 केवी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाई जाए जिससे भीषण गर्मी में बिना बिजली आपूर्ति के बदहाल जीवन यापन कर रहे लोगों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध हो सके। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को बताया कि मौहल्ला दयानंदनगर प्रथम में विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए विद्युत पोलों से कुछ स्थानों पर जल निकासी प्रभावित हो रही है, बरसात के मौसम में विद्युत पोलों के कारण जल निकासी न होने से सडकों पर बरसात का पानी आ जाता है जिससे लोगों को परेशानी उठानी पडती है वहीं घरों में भी पानी घुस जाता है जिससे नगर पालिका की छवि भी धूमिल हो रही है। अधीक्षण अभियंता ने जल्द ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है।

नीट परीक्षा में हुए घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

युरेशिया संवाददाता

शामली। आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारियों ने नीट 2024 परीक्षा में किए गए घोटाले की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों ने नीट परीक्षा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को देते हुए बताया कि 2017 में स्थापित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) प्रारंभ से ही विवादों में रही है, हर वर्ष की नीट परीक्षा में भारी घोटाले की बात सामने आती है। नीट 2024 में जो तथ्य सामने आए हैं और ग्रेस मार्कस के रूप में जो खुलासा हुआ है वह पूर्व के सभी आरोपों को सत्यापित करते दिखते हैं। लोगों के बीच धारणा आम है कि नीट 2024 की परीक्षा में एक से सवा करोड रुपये प्रति शीट के हिसाब से बेचा गया है जिस प्रकार मनमाने ढंग से ग्रेस मार्कस दिए गए हैं और जिस प्रकार सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद उन्हें हटाया गया, वह इन आरोपों को और अधिक बल देता है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस घोटाले की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। इस मौके पर प्रदेश महासचिव विनोद कुमार, संदीप, शुभम, अंकित कश्यप, ओमबीर आदि भी मौजूद रहे।

पुलिसकर्मी देवरों पर घर से बाहर निकालने का आरोप

विधवा महिला ने कलेक्ट्रेट में शुरू किया धरना, डीएम से गुहार लगाई

युरेशिया संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव लांक निवासी एक विधवा महिला ने पुलिस विभाग में कार्यरत अपने दो देवरों पर घर से बाहर निकालने व सामान बाहर फेंकने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट में धरना शुरू कर दिया है। पीडिता ने डीएम से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव लांक निवासी कमलेश पत्नी सुरेन्द्र कश्यप शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंची तथा पुलिस विभाग में कार्यरत अपने दो देवरों पर घर से बाहर निकलने व सामान बाहर फेंकने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गयी। महिला ने आरोप लगाया कि उसकी शादी करीब तीस साल पहले लांक निवासी सुरेन्द्र कश्यप के साथ हुई थी। दस माह पूर्व उसके पति सुरेन्द्र का निधन हो गया। पति के निधन के बाद से ही उसके दो देवरों जो पुलिसकर्मी है, ने उन्हें धमकी देनी शुरू कर दी। उन्होंने व अन्य ससुरालियों ने उसे व उसके परिवार को भी परेशान करना शुरू कर दिया तथा तीन दिन पूर्व उन्हें घर से बाहर निकालकर उसका सामान भी बाहर फेंक दिया। महिला ने डीएम से न्याय की गुहार लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि उसके घर में न रखा गया तो वह कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। इस मौके पर श्री सनातन हिन्दू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणकुमार, रोहित, मोहित, धर्मेन्द्र, शशि आदि भी मौजूद रहे।

अमरनाथ यात्रियों के दस्तावेजों पर साइन नहीं कर रहा अस्पताल का बाबू

भाजपा जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी ने डीएम से की शिकायत
यात्रियों को प्रतिदिन हस्ताक्षर के नाम पर लगाए जा रहे चक्कर

युरेशिया संवाददाता

शामली। मेडिकल फिटनेस जांच रिपोर्ट बनवाने के लिए जनपद के स्वास्थ्य विभाग द्वारा अमरनाथ तीर्थयात्रियों को आए दिन जिला अस्पताल और सीएमओ ऑफिस के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। भाजपा जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर आरोपी चिकित्सक और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

हर साल जनपद के बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पवित्र अमरनाथ और केदारनाथ की यात्रा के लिए जाते हैं। यात्रा से पूर्व प्रत्येक यात्री को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग से प्रत्येक यात्री के लिए मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य किया गया है। जनपद के यात्रियों को मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा तीर्थयात्रियों को जांच के नाम पर कई-कई बार धक्के खिलाए जा रहे हैं, तमाम मेडिकल जांच पूरी कराने के बाद सीएमओ कार्यालय में तैनात डा. बालकृष्ण स्वीकृति के लिए तीर्थयात्रियों को टरकारते रहते हैं, इस संबंध में आवेदकों द्वारा कई बार शिकायतों के बावजूद उक्त चिकित्सक की न तो कार्यशैली और न ही व्यवहार में कोई अंतर आया है, जिससे अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वालों का काफी समय अकारण खराब हो रहा है। एक तरफ केन्द्र और प्रदेश सरकार तीर्थयात्रा को बढ़ावा देने के लिए सिंगल खिड़की से स्वीकृति को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं सीएमओ कार्यालय के अधिकारी उनकी इस योजना को पलीता लगा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह को पत्र लिखकर अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों को स्वीकृति के लिए भीषण गर्मी में चक्कर कटवाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। तथा किसी ऐसे चिकित्सक को जिम्मेदारी दिलाने की मांग की जिसे इस कार्य को करने में कोई समस्या न हो। इस मौके पर अमित विश्वकर्मा व वैभव शर्मा भी मौजूद

बढता जा रहा है गर्मी का सितम, जनमानस को राहत नहीं

सूर्यदेव की तपिश व उमस के आगे हवा भी हो रही बेअसर भीषण गर्मी में सडकें पर आवाजाही भी हो रही है बेहद कम

युरेशिया संवाददाता

शामली। पिछले कई दिनों से गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। भीषण गर्मी व उमस से परेशान जनमानस को कोई राहत नहीं मिल रही है। शनिवार सुबह से ही गर्मी व उमस ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया था। भीषण गर्मी के बीच दस बजे से मौसम में थोड़ी हवा चलने से राहत मिली, लेकिन सूर्यदेव की तपिश व उमस के आगे हवा भी बेअसर दिखाई दी। तापमान हर दिन बढ़ रहा है, दोपहर के समय तो स्थिति बेहद गर्म रहती है। चिलचिलाती धूप, गर्मी और उमस लोगों को झुलसा रही है। ऐसे में लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। जिसका असर आम जनजीवन पर पड़ रहा है। बढ़ते पारे और तल्ख धूप के बीच लोग बिलबिलाने को मजबूर हैं। ऐसे में लोग घरों से निकलने में बच रहे हैं। जून का महीना आधा बीत चुका है लेकिन, पिछले कुछ दिनों से मौसम बेहद गर्म हो रहा है। देखने में आ रहा था कि मई और जून की शुरूआत में मौसम गर्म नहीं रहा लेकिन मौजूदा समय में गर्मी बेबस कर रही है। सुबह के बाद दिन बढ़ते ही गर्मी अपना रंग दिखाना शुरू कर रही है। चिलचिलाती धूप के साथ उमस हावी हो रही है, वहीं दोपहर का हाल तो जैसे झुलसा देने वाला हो रहा है। सूर्य की तपिश के बीच घरों से निकलना मुश्किल भरा रहा। ऐसे में रोजमर्रा काम पर जाने वाले लोगों की तो ओर भी बुरी हालत है। तापमान 44 के पार पहुंच रहा है। ऐसे में दिन के समय सड़कों पर आवाजाही कम नजर आ रही है। बच्चे व युवा ट्यूबवैलों की ओर रूख कर रहे हैं और पानी में मस्ती करते हुए गर्मी से राहत लेते नजर आ रहे हैं। शनिवार को भी भीषण गर्मी ने लोगों को बिलबिलाने पर मजबूर कर दिया। धूप से बचाव के लिए लोगों को सिर व मुंह को ढककर निकलना पड रहा है लेकिन राहत के आसार दूर-दूर तक भी नजर नहीं आ रहे हैं।

हनुमान धाम पर योग सप्ताह का शुभारंभ

पहले दिन एमएलसी, डीएम, सीडीओ ने भी योग में लिया भाग
21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आरके इंटर कालेज में होगा कार्यक्रम

युरेशिया संवाददाता

शामली। आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन शामली द्वारा शनिवार को योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मंदिर हनुमान टीला पर साधकों को योग का अभ्यास कराया गया। आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आरके इंटर कालेज में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें हजारों लोग भाग लेंगे।

शनिवार को शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन शामली द्वारा 15 से 21 जून तक आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, डीएम रविन्द्र सिंह, सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने भाग लिया। योगाचार्य कुमुद शर्मा, राजकुमार, प्रिया भट्ट एवं सुनील कौशिक ने लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर साधकों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं ओ3म्, गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, संकल्प मंत्र, प्रार्थना मंत्र, सहज व्यायाम, सूर्य नमस्कार मुख्य आसन में बैठकर करने वाले आसन मण्डूकासन, पेट के बल लेट कर करने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, पीठ के बल लेटकर करने वाले आसन मर्कटासन, पवनमुक्तासन आदि मुख्य प्राणायाम एवं सहयोगी क्रिया में भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति प्राणायाम, बाह्य प्राणायाम, अग्निसार-क्रिया, उज्जायी प्राणायाम, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, भ्रामरी-प्राणायाम, उद् गीथ-प्राणायाम, प्रणव-प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य जीवन ही सबसे बड़ा धन है। पहले योग की आवश्यकता नहीं थी क्योंकि पहले लोग साइकिल चलाते थे, खेत में पैदल जाते थे तो स्वास्थ्य ठीक रहता था। लेकिन अब खेत में भी मोटर साइकिल पर जाते हैं परंतु जैसे-जैसे प्रदूषण फैल रहा है इन सब से बचने के लिए और स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए नियमित योग करना बहुत जरूरी है। डीएम रविंद्र सिंह ने कहा कि योग भारत की देन है और नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन को शांति होती है। उन्होंने कहा कि योग के उद्देश्य को समझते हुए दुनिया भर में योग को महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी 21 जून को दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज में होगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग प्रतिभाग करें। इस मौके पर डा. सुधीर कुमार व अन्य अधिकारियों का भी सहयोग रहा।

गंगा दशहरा पर्व पर मीठे छबील का आयोजन

शामली डिस्टलरी व शिव गोरखनाथ मंदिर समिति द्वारा लगाई छबील

युरेशिया संवाददाता

शामली। गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर शामली डिस्लटरी के कर्मचारियों किया शनिवार को मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में लोगों ने मीठे पानी का सेवन कर गर्मी से राहत पायी। शामली डिस्टलरी के कर्मचारियों द्वारा गंगा दशहरा पर्व के मौके पर शनिवार को बुढाना रोड स्थित बायो गैस प्लांट के निकट मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डिस्टलरी के वरिष्ठ महाप्रबंधक सावन सिंह चिकारा ने किया। छबील में बडी संख्या में लोगों ने मीठा पानी पीकर गर्मी से राहत पाई। इस मौके पर प्रदीप कुमार, सुमंत तिवारी, राजपाल शर्मा, तुर्सनपाल सिंह, विकास कौशिक, सुशील कुमार, प्रदीप गोत्रा, लवकुश यादव, सोमवीर, कर्मवीर, दीपचंद, सोनू ठेकेदार आदि भी मौजूद रहे। दूसरी ओर मौहल्ला रेलपार स्थित शिव गोरखनाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा वीवी इंटर कालेज रोड पर गंगा दशहरा पर्व के मौके पर मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने मीठे पानी का सेवन कर भीषण गर्मी से राहत पाई। इस मौके पर समाजसेवी दुष्यंत गौड सहित समिति के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

धर्म की स्थापना व मानवीय मूल्यों की रक्षा को हुआ श्रीराम का जन्म

रामलीला भवन में चल रही कथा में कथावाचक ने किया रामकथा का वर्णन

युरेशिया संवाददाता

गढ़ीपुख्ता। गढ़ी अब्दुल्ला खां में रामलीला भवन में चली रही कथा में कथावाचक निखिल महाराज जी ने तीसरे दिन श्री राम कथा में बताया कि

भगवान श्री राम का अवतरण धर्म की स्थापना एवं मानवीय मुल्यों की रक्षा के लिए हुआ था ।प्रभु श्री राम ने जीवन पर्यंत अपने आचरण एवं सदव्यवहार से समाज के सामने एक आदर्श स्थापित किया।

प्रभु श्री राम ने बताया कैसे सरल सहजता से जीवन जीते हुए समाज के समक्ष त्याग तपस्या का आदर्श स्थापित करें। मानव के लिए जितना गुरुपद का कार्य श्री राम का चरित्र करता है किसी अन्य का चरित्र नहीं ।परिवारि जनों एवं समाज के बीच कैसे रहा जाता है यह श्री राम का जीवन सिखाता है। श्री राम जन्मोत्सव प्रसंग पर बोलते हुए आचार्य श्री ने कहा अपने हृदय को अवध बनाएं। अवध का अर्थ है जहां कोई बैर कलह ना हो तभी श्री राम का जन्म महाराज श्री दशरथ की अवध में होता है। भगवान श्री राम ने अपने अंशो सहित श्री अवध में अवतार लिया। अवध के वैभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता। इस दौरान रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय, विजय सैनी,संदीप उपाधय ,शेखर सैनी, रवि कौरी,मोनू,कल्लू,विक्रम सैनी ,सन्नी सैनी, जगपाल सैनी, मोनू सैनी, रमेश कश्यप ,डॉक्टर राजकुमार सैनी ,बेगराज कश्यप, राकेश कश्यप ,तिलक राम सैनी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे

डीएम ने ऊन में सुनी फरियादियों की समस्याएं

जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन
शामली में एसडीएम, कैराना में सीडीओ ने सुनी जन समस्याएं

युरेशिया संवाददाता

शामली। प्रदेश सरकार के महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी शामली रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील ऊन के सभागार में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उनके द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए निस्तारण के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आज फरियादियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष 46 शिकायतें पत्र निस्तारण हेतु रखे गये प्राप्त शिकायती पत्रों में से मात्र 02 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। और शेष प्राप्त सभी शिकायती पत्रों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य रूप से राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग,आदि विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम ऊन अर्चना शर्मा, सीएमओ डॉ अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी, सत्य राम यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा तहसील शामली में एसडीएम शामली श्री विनय प्रताप सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम के समक्ष 40 शिकायती पत्र निस्तारण हेतु रखे गए। प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 05 शिकायत का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसीलदार शामली प्रियंका जायसवाल सहित समस्त संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

इसके अलावा तहसील कैराना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ के समक्ष 19 शिकायतें प्राप्त हुई प्राप्त शिकायतों में से मौके पर 02 शिकायत का निस्तारण किया गया। और शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव सहित समस्त संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

एक नजर..

अंबेहटा पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दो चोरों को जेल भेजा

परवीन खानम/युरेशिया

अंबेहटा। दुकान फाड़कर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने चोरी का माल बरामद करते हुए जेल भेज दिया ।चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह भडाना ने बताया कि रामपुर मनिहारान निवासी सोनू कुमार पुत्र रमेश चंद्र की दुकान में 3 जून को ऑटो सर्विस स्टोर का शटर तोड़कर दुकान में रखे एक इनवर्टर बैटरी, एलइडी टीवी, मोटरसाइकिल का इंजन, कैमरो का डीवीआर चोरी कर लिया गया था तथा दुकान में लगे कैमरे भी तोड़ दिए थे। मुखबिर की सूचना पर चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान शमशाद उर्फभूरा पुत्र आसिफ नि.माजरा याकूबपुर ग्राम खेड़ा अफगान व आबिद पुत्र इलियास ग्राम खेड़ा अफगानके रूप में हुई है। दोनों आरोपियों से इनवर्टर, बैटरी, डीवीआर,एलइडी टीवी बरामद कर लिया गया है तथा संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

अम्बेहटा स्थित ऑटो पार्ट्स की फैक्ट्री में लगी आग लाखों रुपए का नुकसान

परवीन खानम / युरेशिया

अंबेहटा। नगर के मोहल्ला गुहा स्थित ऑटो पार्ट्स की फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया ।बड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। पीड़ित जीशान पुत्र मोहम्मद इनाम ने बताया कि अब्दुल रज्जाक ट्रेडर्स के नाम से मोहल्ला गुहा में उनकी ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री बनाने की बनाने की फैक्ट्री है ।जिसमें शनिवार को 1रू30 बजे लगभग शॉर्ट सर्किट से आग लग गई ।फैक्ट्री में धुआं उठता देख पड़ोसियों ने बताया की फैक्ट्री में आग लग गई है। आनन फानन में में परिवार के लोगों व पड़ोसियों ने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आज ने सब कुछ अपनी चपेट में ले लिया था जिसके कारण तैयार माल व कच्चा माल जलकर राख हो गया। पीड़ित जीशान ने बताया कि लगभग आग लगने से 40 लाख रुपए का नुकसान है।

पत्नी साथ न भेजने से क्षुब्ध युवक ने खाया जहर, मौत

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। शुक्रवार रात मीरपुर मोहनपुर में ससुरालियों द्वारा पत्नी को साथ न भेजने से क्षुब्ध एक युवक द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

करीब 25 वर्षीय राजा पुत्र सरनाम राज मिस्त्री का कार्य करता है। करीब 4 वर्ष पहले उसकी शादी हापुड़ के बदरौली निवासी खुशबू के साथ हुई थी। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले पति-पत्नी में विवाद हो गया था, जिस कारण उसकी पत्नी अपनी दोनों बेटियों को उसके पास छोड़ मायके चली गई थी, जिसे वह लेने ससुराल गया था। लेकिन ससुरालियों ने खुशबू को उसके साथ भेजने से मना कर दिया। जिसके बाद शुक्रवार को उसने अपने घर आकर रात के समय जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।

तहसील दिवस में आने वाले शिकायती प्रार्थना पत्र को गंभीरता से ले विभागीय अधिकारी : सुबोध कुमार

त्वरित निस्तारण के दिए सख्त आदेश ।

जानसठ । तहसील मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना समाप्त होने के बाद शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम जानसठ की अध्यक्षता में आयोजित किया। जहां तेज गर्मी के बावजूद भी शिकायतकर्ताओं की काफी भीड़ देखी गई। प्राप्त समाचार के अनुसार जानसठ तहसील मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में उपजिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य शिकायतें राजस्व, पुलिस,स्वास्थ्य, आपूर्ति, चकबंदी विभागों सहित अवैध कब्जों की कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जबकि मौके पर एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण नहीं हो पाया। एसडीएम सुबोध कुमार ने अधीनस्थ संबंधित अधिकारियों को तहसील दिवस में आई हुई शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने के आदेश दिए। वहीं एसडीएम ने साफकहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में शासन के निर्देशानुसार शिकायती पत्र का निस्तारण शीघ्र किया जाए। एसडीएम सुबोध कुमार ने अधीनस्थ अधिकारियों को साफदिशा निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही करने वाले विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मुख्य रूप से पुलिस क्षेत्राधिकार जानसठ राम आशीष यादव, तहसीलदार महेन्द्र सिंह यादव, कोतवाली प्रभारी जोगेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार विपिन कुमार, नगर पंचायत जानसठ से लिपिक सचिन चौधरी सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल
समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोनु कश्यप (जिला प्रभारी)	मो0: 8630402509
प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी)	मो0: 9997171951
अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी)	मो0: 9759693305
मोनीन (नागल प्रभारी)	मो0: 9639221277
अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी)	मो0: 9720509609
नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी)	मो0: 6397074075
नादिर (तहसील बेहट प्रभारी)	मो0 9870984665
विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी)	मो0: 6396576517
शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी)	मो0: 9719777268
मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी)	मो0: 9675196324
सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी)	मो0: 9758712680
परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर)	मो0: 8410360786
शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी)	मो0 9720067900

सार्वजनिक स्थानों पर ना करे कुर्बानी : सीओ बेहट

ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। आगामी त्योहार ईद उल अजहा (बकरा ईद) को लेकर कोतवाली बेहट में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सभी क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने और साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पढ़ने और कुर्बानी ना करने की भी अपील की गई।

शनिवार को कोतवाली बेहट प्रांगण में आयोजित शांति समिति की बैठक में बोलते हुए उपजिलाधिकारी बेहट ने कहा कि त्यौहार हमारी एकता का प्रतीक होते है। हमे सभी त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से और मिलजुलकर मनाने चाहिए। सीओ बेहट शशि प्रकाश शर्मा ने कहा कि ईद खुशियों का त्योहार है। ऐसे मौके पर कोई भी ऐसा काम ना करे जिससे दूसरे वर्ग के लोगो को परेशानी हो। कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने कहा कि कुर्बानी के बाद जो कुर्बानी का हिस्सा रिश्तेदारो या जानकारों के यहां भेजा जाए उसे ढककर भेजा जाए ताकि अन्य वर्ग के लोगो को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालो के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कर्णवाल बॉबी व एमए काजमी ने भी सभी लोगो से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। इस दौरान इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, एसडीओ बिजली हरीश सैनी, राकेश गाबा, काका चौधरी, अंकित, मुर्तजा, जिशान, टीपू, सत्यप्रकाश रोहिला, गुल्लू अली, बाबू ओमप्रकाश, राकेश बिरला आदि मौजूद रहे।

सीओ, इंस्पेक्टर ने सभासदों के साथ किया ईदगाह का निरीक्षण

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। ईद उल अजहा को लेकर पुलिस अधिकारियों और नगर पंचायत बेहट के सभासदों ने ईदगाह का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने खुले में कुर्बानी ना करने और सड़को पर नमाज न पढ़ने की बात कही।

दरअसल, सोमवार (पीर) को ईद उल अजहा का त्यौहार मनाया जायेगा। कसबे की ईदगाह में सबसे ज्यादा लोग ईद उल अजहा की नमाज अदा करने आते है। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की जाती है। इसी को लेकर सीओ बेहट शशि प्रकाश शर्मा, इंस्पेक्टर बेहट योगेश शर्मा ने जामा मस्जिद के इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद सीओ बेहट शशि प्रकाश शर्मा, इंस्पेक्टर बेहट योगेश शर्मा ने कहा कि ईद के दिन शांति व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज न पढ़े और साथ ही निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी करे। कुर्बानी इस तरह करे जिससे अन्य लोगो को परेशानी ना हो। इस दौरान जामा मस्जिद के इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी व सभासदों ने पुलिस अधिकारियों को आश्वस्त किया कि ईद के दिन खास ध्यान रखा जाएगा ताकि किसी की भावनाएं आहत ना हो। इस दौरान सभासद जमील अहमद, सत्य प्रकाश रोहिला, गुल्लू अहमद, जीशान कुरैशी फरहान शाह, बंटी शर्मा, मुर्तजा राही, फैसल मिर्जा, अंकित नौटियाल, टीपू सुल्तान, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक बाबू ओमप्रकाश, अरहान सावेज शेख आदि मौजूद रहे।

फैमली ऑफब्लड डोनर्स ने कल 14 जून को लगाया 171 वा रक्तदान शिविर

जिसमे 52 रक्तदाताओं ने किया अपनी स्वेच्छा से किया रक्तदान

विकास शर्मा /युरेशिया

सहारनपुर । विश्व रक्तदान दिवस पर बालाजी ब्लड बैंक हसनपुर चुंगी स्थित कैंप कार्यालय का उद्घाटन एडवोकेट जोगेंद्र सिंह पुंडीर हरियाणा एवं पंजाब हाई कोर्ट से पहुंच कर किया

जिसमे 52 लोगो ने रक्तदान किया एडवोकेट जोगेंद्र सिंह पुंडीर ने कहा कि असहाय, जरूतमंदों, ब्लड कैंसर पीड़ित,मरीजों व दुर्घटनाग्रस्त मरीजों की निस्वार्थ सेवा भावना से रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए एक मानवीय संवेदना प्रयास किया गया। कहा गया कि एक रक्तदाता चार लोगों की जिंदगी को बचाने का रक्तदान महादान है जो की हम सभी हर स्वस्थ व्यक्तियों को साल भर में कम से कम दो बार दान करना चाहिए इससे समाज में रक्तदान करने के लिए जागरूकता लानी चाहिए इससे शरीर में कोई कमजोरी भी नहीं आती है और असहाय व जरूरतमंदों मरीजों की प्राण रक्षा के लिए रक्तदान महादान इस दौरान मुख्य रूप से योगेश पँवार,दिनेश वर्मा,परमिल चौधरि,सोनिया कपूर,उदित,आदि सदस्य मौजूद रहे

सीमेंट व्यापारी पर फायरिंग के मामले में चार पर मुकदमा

झाडखेडी रोड पर बाइक सवार आरोपितों ने की थी फायरिंग

युरेशिया संवाददाता

कैराना। सीमेंट व्यापारी पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित के चाचा की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार की देर शाम ग्राम झाड़खेड़ी रोड पर स्थित सीमेंट व्यापारी की दुकान पर बाईक सवार युवक फायरिंग कर मौके से फरार हो गए थे। फायरिंग की घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया ।वही व्यापारी ने किसी तरह दुकान से भागकर बाईक सवार युवकों से अपनी जान बचाई थी। मामले में घायल व्यापारी के चाचा वकील पुत्र यासीन निवासी ग्राम तित्तरवाड़ा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गत 6 जून को गांव के ही वसीम उर्फतोतू ने उसके भाई प्रवेज के साथ मारपीट कर दी थी जिसके संबंध में प्रवेज ने थाना कैराना पर तहरीर देते हुए शिकायत की थी। पुलिस ने वसीम के विरुद्ध शांति भंग की धारा की कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया था ।जिसके चलते वसीम प्रवेश से रंजिश रखने लगा। शुक्रवार की देर शाम ग्राम झाड़खेड़ी रोड पर स्थित सीमेंट रोड़ी की दुकान पर वकील का भतीजा सादिक बैठा हुआ था तभी वहां बाईक पर सवार होकर वसीम उर्फतोतू अपने भाई सरवर,मन्नवर व जुनैद अपने हाथों में तमंचे लेकर आये और आते ही सादिक पर फायरिंग करने लगे ।सादिक उनसे अपनी जान बचाने के लिए पड़ोसी के घर में घुसा तो वसीम भी अपने साथियों के साथ फायरिंग करते हुए पड़ोसी के घर में घुस गए ।तो सादिक ने छत पर जा कर उनसे अपनी जान बचाई ।जिसमें सादिक को एक गोली छूकर निकल गई ।जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।जिसके बाद उक्त युवक सादिक को जान से मारने की धमकी देकर अपने हाथों में लिए तमंचो को लहराते हुए वहां से निकल गए ।वही घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार हेतु भर्ती कराया। बाद में का कारण अमरदीप मौर्य ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया ।घटना के संबंध में कैराना कोतवाली पुलिस ने घायल सादिक के चाचा वकील की तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला करने की धारा सहित अन्य सुसंगत धाराओं में चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है

भगवंत ग्रुप के संस्थापक की प्रतिमा का अनावरण

मीरापुर। भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डा0 अनिल सिहं ने अपने पैतृक गाँव पाहुली में भगवंत फार्म हाउस पर अपने पिता भगवंत सिहं की 17 वी पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर वार्षिक वैदिक हवन और विशाल भंण्डारे का आयोजन किया।

भगवंत ग्रुप ऑफइंस्टीटयूशंस के प्रांगण मे संस्थान के प्रेणता भगवंत सिहं की 17 वी पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा0 अनिल सिहं उनकी पत्नी डॉ0 आशा सिहं पुत्र कुंवर विभांशु विक्रम सिहं पुत्रवधु अंजलि सिहं एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी के कई विधायक एवं भारतीय जनता पार्टी के कई गणमान्य व्यक्ति उपथित रहे। संस्थान के निदेशक डा0 अनुराग विजय अग्रवाल उपनिदेशक डा0 अजय गुप्ता, सहनिदेशक डा0 पुष्पनील वर्मा, डिप्टी रजिस्ट्रार डा0 आदित्य शर्मा, जी0एम0 सी0ए0 दुष्यंत कुमार ने पूज्य बाबू जी परम श्रेद्धय भगवंत सिहं को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। ग्राम पाहुली में जन्में डा0 अनिल सिहं जनपद बिजनौर के एक महान व्यक्तित्व हैं। मलेशिया में रहकर भारत सरकार के कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर कार्य करने उपरांत भी अपने देश और अपने गॉव को नही भूलें और अपने माता-पिता से प्राप्त संस्कारों से अपने समाज और देश के लिए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त की राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल जी साथ ,राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के साथ प्रतिनिधि मंडल में विदेशी दौरे कर अपने क्षेत्र और अपने जनपद के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये। इस कार्यक्रम के अवसर पर डा0 अनिल सिहं ने क्षेत्र के मेधावियों के लिए कई स्कॉलरशिप योजनाओं की घोषणा की। भगवंत ग्रुप संस्थान डा0 अनिल सिहं द्वारा अपने माता पिता के सपने को साकार करने और क्षेत्र एवं जनपद के विकास के लिए समर्पित है।

एसएसआई की विदाई समारोह का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। थाने में तैनात एसएसआई रामेश्वर दयाल की थाने से भावभीनी विदाई की गई। इस मोके पर थानाध्यक्ष सहित समस्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मीरापुर थाने मे तैनात एसएसआई रामेश्वर दयाल का स्थानान्तरण पुलिस लाईन में हो गया है। इनके स्थान पर महेन्द्र सिंह को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर थाना परिसर में एक विदाई समरोह का आयोजन किया गया जिसमें एसएसआई रामेश्वर दयाल को फूल मालाऐं पहनाकर उनकी विदाई की गई। थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने इनके कार्यो की प्रशंसा की तथा नवनियुक्त एसएसआई महेन्द्र सिंह का फूल माला पहना कर स्वागत किया गया।

नागल केमिस्ट एसोसिएशन का गठन

संजीव अध्यक्ष व विजय शर्मा महामंत्री बने

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। शनिवार को नागल में केमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में संगठन का गठन किया गया, जिसमे संजीव विश्वकर्मा अध्यक्ष व विजय शर्मा महामंत्री बनाए गए।

इस अवसर पर मुख्य अथिति जिला केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री सुनील राणा ने कहा कि संगठन की शक्ति एकता में होती है, और हमें अपने हितों की रक्षा के लिए सदैव एकजुट होकर रहना पड़ेगा तभी हम अपने अस्तित्व की रक्षा कर सकते हैं।

इसके अलावा एसोसिएशन में नरेश त्यागी, जावेद अली को संरक्षक, विजय शर्मा व राज सिंह उपाध्यक्ष, अरुण कुमार चेयरमैन व प्रमोद कुमार को संगठन मंत्री बनाया गया।

इस अवसर पर परवीन धवल, आशीष चौधरी, मुनेश त्यागी, शशांक, अनिल कुमार, सोनी, आजाद, संजीव शर्मा, शौकीन, सक्षम, रोबिन कुमार, अभिषेक कुमार, तोसिफ, मोहित सैनी, शाहिद, वाजिद, चेतन बगला, गोविंद गुप्ता, नौमान शामिल रहे।

थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सुनील सैनी /युरेशिया

छुटमलपुर,, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण व आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछित गिरफ्तार हेतु चलाए जा रहे । अभियान के अंतर्गत ग्रामीण व क्षेत्राधिकार सदर के निकट पर्यवेक्षक में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त नदीम पुत्र भूरा निवासी ग्राम बड़ा कला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर को ग्राम बड़ा कला के पास से गिरफ्तार किया गया । जिसके चलते थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सौरभ यादव हेड कांस्टेबल 738 विनोद कुमार शामिल रहे।

ढाबा संचालक पर जान मारने की नियत से हमला करने दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। ग्राम कैलापुर में एक ढाबा संचालक पर जान मारने की नियत से हमला करने दो लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक कृपाण व एक कार भी बरामद की है।

ग्राम कैलापुर जसमोर में सन्नी पुत्र धीरसिंह निवासी ग्राम दरियाबाद, थाना ककरौली जिला मुजफ्फरनगर वैष्णो पंजाबी ढाबा चलाता है। आरोप है कि ग्राम कासमपुर खोला निवासी कपिल पुत्र सुभाष, राहुल व गौरव तथा कुछ अज्ञात उसके ढाबे पर गुरूवार की रात खाना खाने के लिए गये थे। सभी लोगो ने ढाबे पर बैठकर शराब पीनी शुरू कर दी जिस पर सन्नी नाराज हो गया तथा उन्हे होटल जाने के लिए कहा। इस बात पर कपिल, राहुल, गौरव आदि ने उसके गाली गलौच शुरू कर दी तथा धारदार हथियार से वार कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। पुलिस ने घायल सन्नी को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ में भर्ती कराया था। सन्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीनो आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगतार दबिश दे रही थी। शनिवार को पुलिस ने घटना में शामिल गौरव पुत्र राजेन्द्र व कपिल कुमार पुत्र सुभाष निवासीगण ग्राम कासमपुर खोला, थाना मीरापुर को ग्राम कासमपुर खोला के निकट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक कृपाण व एक स्विफ्ट कार बरामद की है। पुलिस ने पकडे गये आरोपियों का चालान कर दिया।

हार्न, हूटर व सायरन बजाने पर पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। वाहनो में लगे प्रेशर हार्न, हूटर व सायरन बजाने पर पुलिस द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी तथा उन वाहनो को जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मीरापुर थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र बघेल ने बताया कि किसी भी वाहन में प्रेशर हार्न, हूटर या सायरन बजाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वाहन चौकिंग के दौरान यदि किसी वाहन में हूटर व प्रेशर हार्न लगे मिले तो उन्हे तत्कार उतरवाया जायेगा। जो वाहन मालिक सरकार की योजना के अनुसार प्रेशर हार्न व हूटर उतरवाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही या दबंगई करेंगे तो उनके वाहन जब्त कर लिये जायेंगे। उन्होने बताया कि क्षेत्र में बुलैट के द्वारा पटाखा फायर करने वाले वाहनो के प्रति भी सख्त कार्यवाही की जायेगी। वीआईपी गाडी में भी सबसे आगे की गाडी में एक निर्धारित ध्वनि के साथ हूटर बज सकेगा अन्य किसी वाहन में हूटर बजाने की सुविधा नही दी जायेगा।

एक नजर..

जीवन में अनुशासन को करें, आत्मसात विधार्थी, रवि शास्त्री

नीलकंठ / युरेशिया

बड़ौत। जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वाधान में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल बड़ौत में आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर के तीसरे दिन शिक्षिका सुमेधा आर्या ने बेटियों को पीटी, सूर्य नमस्कार ,भूमि नमस्कार के साथ लाठी का अभ्यास कराया।आत्मरक्षा के गुर सिखाए। जूडो कराटे के अभ्यास करते हुए बेटियों ने बलिष्ट बनने का संकल्प लिया।

जिला मंत्री रवि शास्त्री ने कहा अनुशासन में रहना, बंधन नहीं कहलाता। क्योंकि अनुशासन सुखदायक है, जबकि बंधन दुखदायक है। दोनों में यह अंतर है। विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन को आत्मसात करते हुए अच्छे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करते हुए जीवन में कठोर परिश्रम करें। तभी जाकर लक्ष्य की प्राप्ति होगी। अनुशासन का पालन करने से प्रत्येक व्यक्ति का जीवन सुखदायक बनता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामपाल तोमर, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, सुरेश आर्य , मीनाक्षी सिसोदिया, सविता आर्या भजनोपदेशक, स्वाति आर्या, परम वेद आदि उपस्थित रहे।

रालोद खेल प्रकोष्ठ दे रहा खिलाडियों, को प्रोत्साहनः नीरपाल सिंह

नीलकंठ / युरेशिया

बिनौली। रालोद खेल प्रकोष्ठ की बैठक शनिवार को गांव पुसार में हुई। जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि रालोद खिलाडियों के प्रोत्साहन के लिए तत्पर है। बैठक में नीरपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण आंचल में विभिन्न खेलों की प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। जिनको केवल प्रोत्साहित करने की जरूरत है। जिसके लिए रालोद खेल प्रकोष्ठ हर संभव प्रयास कर रहा है। हमारे नेता जयंत चौधरी अब केंद्रीय मंत्रिमंडल भारत सरकार में शामिल किया गया है।वे अब अधिक प्रोत्साहन खिलाड़ियों को देंगे।इसके लिए पूरा रोड मैप तैयार किया जा रहा है।

रालोद खेल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने कहा कि युवा शक्ति देश की रीढ़ है। जिस प्रकार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने नारा दिया था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत और खलिहान से होकर जाता है, ठीक उसी प्रकार युवाओं की तरक्की का रास्ता खेलों और खिलाड़ियों से होकर जाता है। बैठक में प्रदेश महासचिव मयंक तरार, रोहित फौजी, युवा जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार, विक्रांत राठी, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

सांकल पुठी गांव से चोरी भैसा जगंल से बरामद

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

सांकल पुठी गांव में रात्रि अज्ञात चोर एक भैसा चोरी कर ले गये परिजनो ने देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस ने जगंल से भैसा बरामद कर लिया और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

सांकल पुठी निवासी अभिषेक पुत्र जगवीर रात्रि अपने परिवार के साथ घेर मे सोया हुआ था देर रात्रि अज्ञात चोर उसका भैसा खोल ले गये जब उसकी आंख खुली तो उसे भैसा गायब मिला उसने भैसा के पैर के निशान देखा तो वह जगंल की और जा रहे थे उसने शोर मचा पडोसीयो को सूचना और पुलिस को भी सूचना दी पुलिस ने जगंल मे काबिंग कर भैसा बरामद कर लिया और जगंल मे मिले संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाना ले आये थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया की रात्रि भैसा चोरी की सूचना मिली थी तभी जगंल से भैसा बरामद कर लिया गया है और जगंल मे मिले संदिग्ध व्यक्तियों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है।

सुप्रीत कौर और सरबजीत कौर बनी बिन्द्रा ब्रांड फेसवॉश की ब्रांड मॉडल

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। बिन्द्रा ब्रांड सबका पहला कास्मेटिक पसंदीदा ब्रांड बन गया है। हर रोज नये-नये चेहरे इस ब्रांड से जुड़ रहे है।

20 जून को बिन्द्रा ब्रांड के फेसवॉश और क्लींजिंग मिल्क लांच किये जाएंगे। रशमीत कौर बिंद्रा का कहना है कि सभी नये चेहरे हमारे प्रोडक्ट के ब्रांड मॉडल्स बने हैं। प्रोडक्ट लॉन्च होने पर सभी मेम्बर्स को फ्री में गिफ्ट्स दिए जाएंगे। साथ ही सोशल मीडिया पर इन माडल्स को प्रमोट भी किया जाएगा। समाज में एक नाम के साथ-साथ घर बैठे बिजनेस करने का मौका भी दिया जाएगा। बिन्द्रा ब्रांड फेसवॉश और क्लींजिंग मिल्क को सुखविंदर कौर (प्रिंसिपल हिमालयन पब्लिक स्कूल) पीलिभीत से व रचना शर्मा (फाउंडर मन्नत फाउंडेशन) दिल्ली ने स्पांसर किया है। रशमीत कौर बिंद्रा का कहना है कि 20 जून को लांच होने वाले प्रोडक्ट को सभी का साथ व सभी का सहयोग मिल रहा है। आने वाले समय में इस प्रोडक्ट से बहुत से लोगों को घर बैठे रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा और साथ ही हर खरीद पर इन्कम प्रोवाइड करवाई जाएगी।

गुराना मे गोली मारकर की बस चालक की हत्या

विधवा भाभी से शादी करने पर भाई बने खून के प्यासे।
छोटे भाई की शादी से नाराज होकर बड़े भाइयो ने दिया हत्या को अंजाम।

नीलकंठ / युरेशिया

बडौत। कोतवाली क्षेत्र के गुराना गांव में शुक्रवार देर रात दो सगे भाइयों ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। रिश्तो के कत्ल की खूनी वारदात को अंजाम देने का कारण उनकी खुद की शादी न होना और छोटे भाई की शादी हो जाना रहा।परिवार मे चार बड़े भाई थे। जिसमे से एक भाई की मौत हो जाने के बाद उसकी पत्नी की शादी सबसे छोटे भाई बस चालक यशवीर से कर दी गयी थी। जबकि दोनों बड़े भाई कुंवारे हैं। भाभी की शादी सबसे छोटे भाई से होने के कारण दोनों बड़े भाई, यशवीर और अपनी मां तथा भाभी से नाराज चल रहे थे। बीती रात शराब के नशे में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया ।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों हत्यारे भाइयों को हिरासत में ले लिया है और मामले की पड़ताल शुरू कर दी है।बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गुराना गांव में बीती रात रोडवेज चालक यशवीर सिंह की उसी के दो बड़े भाइयों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना के बाद एएसपी

बागपत एनपी सिंह मौके पर पहुंचे और परिजनों से घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। एएसपी एनपी सिंह ने बताया कि दो भाइयों ने एक भाई की गोली मारकर हत्या कर दी है। हत्या करने वाले दोनों भाइयों को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच पड़ताल की जा रही है ।जांच के दौरान सामने आया कि दोनों हत्यारोपी कुल चार भाई हैं, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है, जबकि दो कुंवारे हैं।दोनों कुंवारे बड़े भाई अपनी मां से शादी न होने के कारण अक्सर झगड़ा करते थे।बीती रात पहले तो उन्होंने मां से लड़ाई की और उसके बाद जब मां की तरफदारी में छोटा भाई आया, तो उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम यशवीर है,जो दिल्ली में बस चालक के पद पर नौकरी करता है ।मृतक की पत्नी रीतू ने बताया कि, उसके पति की मौत हो गई थी ,जिसके बाद उसके परिजनों उसकी सबसे छोटे देवर यशवीर के साथ शादी कर दी गयी थी। देवर और जेठ की शादी नही हुई थी। इसी कारण वह अपनी मां और भाई से अक्सर लड़ाई किया करते थे और बीती रात उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया । मृतक की पत्नी रीतू ने कोतवाली में दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

ईद के त्यौहार को लेकर रटौल में चलाया गया सफाई अभियान

कुर्बानी के अवशेषों को दबानें के लिए बनाये गये गढे।

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

रटौल में ईद-उल-अजहा के त्यौहार को लेकर सफाई अभियान चलाया गया गया ईदगाह के आस पास सफाई करायी गयी वही कुर्बानी के अवशेषों को दबानें के लिए गढढे बनाये गये है ईद-उल-अजहा के त्यौहार को लेकर नगर पचायत रटौल की और से कस्बें मे सफाई अभियान चलाया गया जहा जगह जगह कर्मचारी सफाई करते

नजर आये वही ईदगाह के समीप साफ सफाई करायी गयी जिससे लोगो को परेशानी न हो रटौल लोनी मार्ग पर वालो की सफाई करायी गयी वही कस्बें में नालियों में दवाईयों का स्प्रें भी कराया गया ईद-उल-अजहा पर कुर्बानी के अवशेषों को दबानें के लिए नहर के पास मकदूम सिराजूदीन चिश्ती की दरगाह के समीप व पानी की टंकी के समीप गढढे बनाये गये है जिसमे कुर्बानी के अवशेषों को दबाया जायेगा वही लोगो से अपील की गयी है की खुले मे कुर्बानी न करे अवशेषों को बाहर न फेके और सफाई का ध्यान रखे रटौल नगर पचायत ईओ विरज सिंह त्रिपाठी ने बताया की सफाई की व्यवस्था की गयी है कस्बे मे सफाई अभियान चलाया जा रहा है कुर्बानी के अवशेषों को दबाने के लिए तीन गढढे बनाये गये है वही चार ट्रेक्टर तैनात किये गये है जो कुर्बानी के अवशेषों को ट्रेक्टर मे परदे के साथ भरकर गढढे तक पहुचायेगे ईदगाह पर भी सफाई की व्यवस्था की गयी है ईद-उल-अजहा पर सफाई कर्मचारी सफाई के लिए जगह जगह तैनात रहेगे।

बागपत एसपी ने ललियाना चौकी का रात्रि किया औचक निरिक्षण

धर्मपाल सैनी / युरेशिया

रटौल ।बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने थाना चांदीनगर क्षेत्र की ललियाना चौकी का देर रात औचक निरीक्षण किया और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। एसपी ने पुलिसकर्मियों को निरंतर चेकिंग अभियान चलाने और संदिग्ध वाहनों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया और ड्यूटी में लापरवाही करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित

विजयवर्गीय देर रात्रि थाना चांदीनगर क्षैंत्र की ललियाना चौकी के औचक निरीक्षण को पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से बातचीत करते हुए चौकी पर निरंतर चेकिंग अभियान चलाए जाने के लिए पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया और लंबित विवेचनाओं के तुरंत निस्तारण और अपराधियों की धर पकड़ के लिए निरंतर अभियान चलाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। एसपी ने चौकी पर लगे कैमरे भी चेक किया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों की तलाशी भी कराई। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया की चौकी का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को अपराधियों की गिरफ्तारी और निरंतर चेकिंग के लिए निर्देशित किया गया। अगर कोई भी पुलिसकर्मी किसी भी तरह की ड्यूटी में लापरवाही करता नजर आएगा तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षाविद ब्रिजेश कुमार शर्मा ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। प्रमुख समाज सेवी, शिक्षाविद एवं आरडब्ल्यूए एमआईजी फ्लैट्स के महासचिव ब्रिजेश कुमार शर्मा ने अपने जन्मदिन पर एमआईजी फ्लैट्स के पार्क में अपनी आरडब्ल्यूए टीम के साथ पौधारोपण किया और विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए। साथ ही उन्होंने अभियान चलाकर पार्क की साफ-सफाई भी की।

इस मौके पर ब्रिजेश कुमार शर्मा ने कहा कि पेड़- पौधों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ कार्बन-

डाइ-ऑक्साइड गैस ग्रहण करते हैं और उसके बदले में हमें ऑक्सीजन गैस देते हैं, जो मानव के लिए जीवनदायिनी है। इसके बिना मानव के अस्तित्व की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके अलावा पेड़ों से हमें फल- फूल, ईंधन व औषधि की भी प्राप्ति होती है। कहा कि इसलिए सभी लोगों को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए और उन पौधों की अपने पुत्रों की तरह देखभाल करनी चाहिए।

उधारी मांगने पर दुकानदार पर किया हमला, गंभीर घायल

पीडित ने थाने पर दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

युरेशिया संवाददाता

कांधला। कस्बे के मौहल्ला इदरीश बेग बिहार कालोनी निवासी युवक ने कई युवकों पर उधारी के रुपए मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफथाने पर तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

कस्बे के मौहल्ला इदरीश बेग बिहार कालोनी निवासी शहनवाज ने कपड़ो पर ड्राइक्लीन करने की दुकान खोल रखी है। शहनवाज ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के मौहल्ला खैल निवासी एक युवक ने उससे हजारों रुपए उधार ले रखे है। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार शाम के समय उसने आरोपी युवक से अपने रुपए मांगे तो

आरोपी ने गाली गलौच करते हुए हाथा पाई शुरू कर दी। उस वक्त तो वहां मौजूद लोगों ने पीड़ित दुकानदार को बीच बचाव कराने के बाद छुड़ा लिया लेकिन कुछ समय बाद आरोपी युवक अपने कई साथियों के साथ हाथो में लाठी डंडे और लोहे की रॉड लेकर आया और पीड़ित दुकानदार के ऊपर हमला कर दिया। हमले में पीड़ित दुकानदार गंभीर रूप से घायल गया। अचानक हुए हमले से मौहल्ले में भगदड़ मच गई। मौके का फायदा उठाकर कानूनी कार्यवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी भी मौके से फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार ने अपना डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफकार्यवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित को कार्यवाई का आश्वाशन दिया है

छछरपुर में किसानों ने बैठक कर गन्ना भुगतान की उठाई मांग

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। थाना क्षेत्र के छछरपुर गांव मे किसानों ने एक बैठक का आयोजन किया।जिसमे बकाया गन्ना भुगतान को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे वक्ताओ ने बताया कि क्षेत्र के 20 गाँवो से एक-एक व्यक्ति का गठन किया जायेगा जो मलकपुर चीनी मिल से सम्बद्ध प्रत्येक गांव मे जाकर दो -दो व्यक्ति को जोड़ेंगे। इस प्रकार से 20 किसानो को जिम्मेदारी सौंपी गयी। जिससे की आने वाले दिनों में भारी संख्या मे लोग जिला अधिकारी कार्यालय पर महापंचायत कर सके। बैठक मे बताया गया कि फर्जी एप्लिकेशन पर रोक लगे और किसानो का बकाया गन्ना भुगतान जल्द से जल्द किया जाये। फर्जी एप्लिकेशन के कारण किसानो का लगभग 4 करोड़ का भुगतान रुका हुआ है। कहा गया कि किसानो को चारो ओर से लुटा जा रहा है। ना तो समय पर गन्ना भुगतान किया जा रहा उस पर जो पात्र किसान है उनकी एप्लिकेशन पीछे कर दी जाती है और जो 2 से 5 हजार रूपए लेकर मिल के अंदर बैठे दलाल फर्जी तरीके से फर्जी एप्लिकेशन लगाकर अपात्र को भुगतान करा रहे है। उन्होंने जिलाधिकारी से भी इस प्रकार के प्रार्थना पत्रों की जाँच कराकर जरूरतमंद किसानो का भुगतान कराने की मांग की।

कुत्ते पर दिखाई हैवानियत, पटक पटक किया मरणासन्न

युरेशिया संवाददाता

बड़ौत। बड़ौत नगर के पट्टी चौधरान मोहल्ले में एक व्यक्ति ने कुत्ते को पूँछ से पटक पटक कर मार दिया। जिससे कुत्ता मरणासन्न हालत मे पहुंच गया है। नगर निवासी जयकुमार ने बड़ौत कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया कि,सावेज उर्फगट्टू पुत्र मेहरबान निवासी पट्टी चौधरान निकट मदीना मस्जिद ने शुक्रवार को एक कुत्ते को पूँछ से पकड़ कर कई बार पटक पटक कर पीटा जिससे उसकी सारी हड्डियां टूट गयी और वहै मरणासन्न हालत मे है। उन्होंने उक्त व्यक्ति पर आरोप लगते हुए कहा कि इससे पहले भी वह कई कुत्तो को मार चुका है। उन्होंने पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत उक्त आरोपी के खिलाफकार्यवाही करने की मांग की।

पढ़ाई का हमारे जीवन में है विशेष महत्व : राकेश

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। सुप्रसिद्ध सोशल वर्कर राकेश चानना ने कहा कि पढ़ाई का हमारे जीवन में एक विशेष स्थान है। यह हमें न केवल ज्ञान और सूचना प्राप्त करने में मदद करती है, बल्कि हमारे मानसिक विकास और व्यक्तित्व के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पढ़ाई हमें हमारे आस-पास की दुनिया को समझने और विश्लेषण करने की क्षमता प्रदान करती है।

राकेश चानना ने कहा कि पढ़ाई का महत्व हमारे व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह हमारी सोचने की क्षमता को बढ़ाती है। पढ़ाई सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक शिक्षित व्यक्ति अपने विचारों और विचारों को बेहतर ढंग से व्यक्त कर सकता है और सामाजिक रूप से अधिक स्वीकार्य और सफल हो सकता है। पढ़ाई हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। नियमित रूप से पढ़ाई करने से तनाव कम होता है और मानसिक शांति प्राप्त होती है। यह एक प्रकार का मानसिक व्यायाम है, जो हमारे दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखता है। पढ़ाई का महत्व अनमोल है और हमें इसे कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हमें हमेशा पढ़ाई को अपनी प्राथमिकता में रखना चाहिए और निरंतर ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

अनुराग चौधरी 40 ट्रैक्टरों के साथ मे किसान यूनियन के चार दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने पहुंचे हरिद्वार।



युरेशिया संवाददाता

भाकियू के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ४० ट्रैक्टरों के साथ मे किसान यूनियन के चार दिवसीय चिंतन शिविर में भाग लेने पहुंचे हरिद्वार।

मेरठ से जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व में जनपद मेरठ के किसान , कार्यकर्ता तीन दर्जन ट्रैक्टर ट्रॉली, एक बस एवम एक दर्जन गाडियों से रवाना हुए इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया जनपद से हजारों की संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर चिंतन शिविर में हरिद्वार पहुंचे हे एवम जनपद मेरठ की इकाई ने हरिद्वार में चौधरी चरण सिंह वीआईपी घाट पर कब्जा कर लिया है एवम इकाई ने भंडारा भी लगाया हे इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, हर्ष चहल, अनूप यादव , नरेश मवाना , सुनील, सत्येंद्र, विपुल, प्रिंस, विनोद , पपू, विनोद, ईश्वर यादव, सौरभ, सचिन आदि मौजूद रहे।